MP Forest Department

# कार्यालय सामान्य, वन मंडल छतरपुर म. प्र.

जवाहर रोड, छतरपुर (म.प्र.) 471001☎ 07682-245316 (O.), 245316 (Fax)
E-mail: dfotchtpur@mp.gov.in

क्रमांक/तकनीकी/2025/2991 छतरपुर, दिनांक 22-12-25

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग,
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग सागर

विषय :– छतरपुर जिले में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–43 एक्सटेंशन गुलगंज–अमानगंज–पवई–कटनी मार्ग के चौड़ीकरण/निर्माण हेतु 30.426 हेक्टेयर वनभूमि कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग को उपयोग पर देने बाबत्।
(Proposal No. FP/MP/ROAD/30762/2017)

संदर्भ :– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) भोपाल का पत्र क्रमांक/एफ–5/865/2019/10–11/2424 भोपाल दिनांक 05.09.2025

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा छतरपुर जिले में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–43 एक्सटेंशन गुलगंज–अमानगंज– पवई–कटनी मार्ग के चौड़ीकरण/निर्माण हेतु 30.426 हेक्टेयर वनभूमि के प्रकरण में निर्धारित शर्तो के अधीन सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई है।

प्रकरण में प्रदाय सैद्धांतिक स्वीकृति में रोपित शर्त क्रमांक (A) 1 के अनुसार में प्रभावित वनभूमि रकवा 30.426 हेक्टेयर के एवज में दुगने बिगडे वनों के सुधार हेतु रकवा 61.000 हेक्टेयर की क्षतिपूर्ति वनीकरण की राशि 19102448/- (एक करोड इक्यानवे लाख दो हजार चार रुपये मात्र) शर्त क्रमांक (A) 2 के अनुसार नेट प्रजेन्ट वैल्यू (एनपीव्ही) की राशि 957780X30.426=29141415 (दो करोड इक्यानवे लाख इक्तालीस हजार चार सौ पन्द्रह रुपये मात्र) तथा (A) 9 के अनुसार प्रकरण में मार्ग के किनारे–किनारे रोपण योजना राशि 18158087/- (एक करोड इक्कयासी लाख अठ्ठावन हजार सतासी रुपये मात्र) कैम्पा मद में जमा कर चालान की प्रति एवं समस्त शर्तों को मान्य करने संबंधी पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध करवाने हेतु लेख किया गया है।

प्रकरण में क्षतिपूर्ति वनीकरण की राशि 19102448/- रूपये की 10 प्रतिशत पर्यवेक्षण शुल्क 1910245/- तथा प्रकरण में मार्ग के किनारे–किनारे किये जाने वाले वृक्षारोपण की राशि रूपये 18158087/- की 10 प्रतिशत पर्यवेक्षण शुल्क राशि 1815809/– रूपये IFMS अंतर्गत www.mptreasury.gov.in पर जमा कर चालान की प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध करवायें।

वन मण्डलाधिकारी
सा. वनमण्डल छतरपुर

पृष्ठां. क्रमांक/तकनीकी/2025/2992 छतरपुर, दिनांक 22-12-25

प्रतिलिपि :–
1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त छतरपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वन मण्डलाधिकारी
सा. वनमण्डल छतरपुर

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner